

40 दिन लंबा न्यूजीलैंड का दौरा, टीम इंडिया की होगी अग्निपरीक्षा, 22 अक्टूबर से शुरू होगा दौरा शुरु

नई दिल्ली

भारत और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज समाप्त होने के बाद अब टीम इंडिया के सामने न्यूजीलैंड की चुनौती है। भारतीय टीम का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होकर 1 दिसंबर तक चलेगा। लगभग 40 दिनों तक चलने वाले इस दौरे में भारतीय खिलाड़ी न्यूजीलैंड की धरती पर टेस्ट, वनडे और टी-20 सीरीज में अपना दमखम दिखाएंगे। लंबे दौरे के दौरान खिलाड़ियों को अलग-अलग प्रारूपों में अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा।

इस दौरे को लेकर भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें टीम के प्रदर्शन और खिलाड़ियों के चयन पर टिकी हैं। भारतीय टीम ने वनडे सीरीज के लिए दो अलग-अलग दलों की घोषणा की है। शुरुआती तीन मुकाबलों में शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि अंतिम दो वनडे मैचों में श्रेयस अय्यर कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। इस बदलाव के चलते सीरीज के दौरान टीम की रणनीति और नेतृत्व में भी अंतर देखने को मिल सकता है। इस दौरे पर भुवनेश्वर कुमार की वापसी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। करीब चार साल बाद उनके भारतीय टीम के लिए खेलने की संभावना से प्रशंसकों में उत्साह है। अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की वापसी से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद की जा रही है। वहीं, आकिब नबी को एक बार फिर मौका दिया गया है, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ वनडे टीम में अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं। न्यूजीलैंड की परिस्थितियां भारतीय खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती हैं। वहां की तेज गेंदबाजी के अनुकूल पिचें और मौसम बल्लेबाजों तथा गेंदबाजों, दोनों की परीक्षा ले सकते हैं। ऐसे में टीम इंडिया को बेहतर तालमेल, सही रणनीति और निरंतर प्रदर्शन पर ध्यान देना होगा। मैदान पर दोनों टीमों के आमने-सामने आने से पहले क्रिकेट प्रशंसकों की दिलचस्पी टेस्ट, वनडे और टी-20 सीरीज के पूरे कार्यक्रम तथा तीनों प्रारूपों के लिए घोषित भारतीय टीम के खिलाड़ियों की सूची जानने में है। यह दौरा भारतीय टीम के लिए अपनी तैयारियों और खिलाड़ियों की क्षमता परखने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

पूरा शेड्यूल:

भारत-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज भारत और न्यूजीलैंड की टी20 सीरीज 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगी. यह सीरीज 1 नवंबर तक चलेगी, जिसमें कुल 5 मैच खेले जाएंगे।

- 22 अक्टूबर - पहला टी20 (क्राइस्टचर्च)
- 24 अक्टूबर - दूसरा टी20 (क्राइस्टचर्च)
- 27 अक्टूबर - तीसरा टी20 (वेलिंगटन)
- 30 अक्टूबर - चौथा टी20 (आकलैंड)
- 1 नवंबर - पांचवां टी20 (हैमिल्टन)

भारत का टी20 स्क्वाड: श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, नमन धीर, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, ईशान किशन, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, भुवनेश्वर कुमार, मयंक यादव, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैंड का टी20 स्क्वाड: मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, डेरिल मिचेल, बेवन जैकब्स, नाथन स्मिथ, जोश क्लार्कसन, ग्लेन फिलिप्स, डेवोन कानवे, टिम साइफर्ट, जैकब डफी, मैट हेनरी, लाकी फर्ग्यूसन, एडम मिलने, काइल जैमीसन, ब्लेयर टिकनर।

भारत-न्यूजीलैंड वनडे शेड्यूल

भारत और न्यूजीलैंड की वनडे सीरीज 4 नवंबर से शुरू होकर 15 नवंबर तक चलेगी.

- 4 नवंबर - पहला वनडे (आकलैंड)
- 7 नवंबर - दूसरा वनडे (वेलिंगटन)
- 10 नवंबर - तीसरा वनडे (हैमिल्टन)
- 13 नवंबर - चौथा वनडे (माउंट मौनगुआनी)
- 15 नवंबर - पांचवां वनडे (माउंट मौनगुआनी)

भारत का वनडे स्क्वाड (पहले 3 मैच): शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड़, नमन धीर, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अंशुल कंबोज, केएल राहुल, ईशान किशन, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रसिद्ध कृष्णा।

न्यूज ब्रीफ

हांगकांग सिक्सेस के लिए अफगानिस्तान की टीम घोषित, गुलबदीन नायब को मिली कप्तानी

हांगकांग। अफगानिस्तान ने हांगकांग सिक्सेस-2026 के लिए अपनी सात सदस्यीय टीम घोषित कर दी है।



अनुभवी आलराउंडर गुलबदीन नायब को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। छह खिलाड़ियों वाले इस तेजतर्रार क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक हांगकांग के टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में होगा। अफगानिस्तान की टीम में गुलबदीन नायब के अलावा फरमानुल्लाह सफी, इमरान मीर, अब्दुल रहमान, करीम जनत, नांगेयालिया खारोटे और सिदीकुल्लाह पाचा को शामिल किया गया है। टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को जगह दी गई है। हांगकांग सिक्सेस में प्रत्येक टीम मैदान पर छह खिलाड़ियों के साथ उतरती है और एक पारी में छह ओवर बल्लेबाजी करती है। इस प्रारूप में तेज रन बनाना, आक्रामक बल्लेबाजी, रणनीतिक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण जीत के लिए अहम होते हैं। अफगानिस्तान को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और ओमान के साथ रखा गया है। टीम अपने आक्रामक अंदाज और तेजतर्रार बल्लेबाजी के दम पर टूर्नामेंट में प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेगी। क्रिकेट हांगकांग, चीन के वाणिज्यिक एवं विपणन निदेशक अनुराग भटनागर ने कहा, अफगानिस्तान ने लगातार अपने खेल में जबरदस्त ऊर्जा और प्रतिस्पर्धी भावना दिखाई है। हमें हांगकांग सिक्सेस-2026 में उसकी टीम का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह टूर्नामेंट क्रिकेट के रोमांच, मनोरंजन और तेज गति वाले स्वरूप का उत्सव है। अफगानिस्तान की आक्रामक शैली टूर्नामेंट के रोमांच को और बढ़ाएगी। हम टीम के स्वागत और प्रशंसकों को यादगार क्रिकेट अनुभव देने के लिए उत्सुक हैं।

पैरा एशियन खेलः शीतल देवी ने विश्व रिकार्ड की बराबरी कर रचा इतिहास, एशियाई रिकार्ड भी तोड़ा, पायल नाग संयुक्त पांचवें स्थान पर


आइची-नागोया। भारत की स्टार पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने सोमवार को पैरा एशियन खेल 2026 में



महिला कंपाउंड तीरंदाजी की क्वालीफिकेशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकार्ड की बराबरी कर ली और नया एशियाई रिकार्ड अपने नाम कर लिया। शीतल ने 720 में से 704 अंक हासिल किए। इस दौरान उन्होंने अपने ही खेल की एशियाई स्तर पर स्थापित 698 अंकों की रिकार्ड सीमा को छह अंक से पीछे छोड़ दिया। क्वालीफिकेशन के 72 तीरों के बाद जारी परिणामों के अनुसार, शीतल ने दोनों 50 मीटर राउंड में 352-352 अंक हासिल किए। उनके नाम के सामने 32 एक्स और 25 बारह अंकों के निशाने दर्ज रहे। उनका यह प्रदर्शन भारतीय पैरा तीरंदाजी के लिए बड़ी उपलब्धि है। सिंगापुर की नूर स्याहिदा अलीम 683 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि चीन की शुएकिंग शू ने 680 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

ला लीगा : रियल मैड्रिड ने सेविया को 4-1 से हराया, एम्बाप्पे ने दागे दो गोल

मैड्रिड। किलियन एम्बाप्पे के शानदार दो गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा के



मुकाबले में सेविया को 4-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ रियल मैड्रिड अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। टीम ने अगले सप्ताहांत बार्सिलोना के खिलाफ होने वाले एल क्लासिको से पहले अपनी तैयारी मजबूत कर ली। रियल मैड्रिड के लिए अर्दा गुलर ने शानदार गोल कर टीम का खाता खोला। इसके बाद एम्बाप्पे ने दो गोल किए, जबकि यान डिओमांडे ने जोरदार शाट पर गोल दागकर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस जीत से रियल मैड्रिड ने रियल बेटिस को पीछे छोड़ दिया। एम्बाप्पे का पहला गोल बेहद शानदार रहा। उन्होंने सेविया के पेनल्टी क्षेत्र के किनारे गेंद पर बेहतरीन नियंत्रण दिखाते हुए डिफेंडरों को छकाया और गोल कर दिया। इसके बाद उन्होंने पेनल्टी पर पनेन्का शैली में गेंद को चिप करके अपना दूसरा गोल पूरा किया। अर्दा गुलर को मुकाबले की शुरुआत में कोहनी मारने के कारण सीधे लाल कार्ड से बचने का फायदा मिला। हालांकि, उन्होंने बाद में शानदार गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। सेविया की ओर से मैनुअल बुएनो ने बेहतरीन शाट लगाकर एक गोल किया, लेकिन टीम वापसी नहीं कर सकी। इस जीत के बावजूद रियल मैड्रिड शीर्ष स्थान की दौड़ में बार्सिलोना से छह अंक पीछे है। बार्सिलोना ने शनिवार को रियल बेटिस को बड़े अंतर से हराया था। एटलेटिको मैड्रिड अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। अगले सप्ताहांत कैंप नोउ में बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के बीच होने वाला एल क्लासिको खिताबी दौड़ के लिहाज से अहम रहेगा।

एशियाई पैरा खेल : मोना अग्रवाल को स्वर्ण, अवनि लेखरा ने जीता रजत

टोयोटा

भारतीय निशानेबाज मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा ने एशियाई पैरा खेल-2026 में सोमवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच-1 स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर भारत का पदक खाता खोला। मोना ने फाइनल में 250 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि अवनि 249.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।



मोना ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एक समय वह पांचवें स्थान पर चल रही थीं, लेकिन उन्होंने बेहतरीन निशानेबाजी करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया और बाकी निशानेबाजों की चुनौती को पीछे छोड़ दिया। दक्षिण कोरिया की युनरी ली ने 227.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। मोना ने इस प्रदर्शन के साथ अवनि लेखरा के पिछले एशियाई पैरा खेल रिकार्ड को भी तोड़ दिया। अवनि ने हांगझोऊ में पिछले खेलों के दौरान स्वर्ण पदक जीतते हुए 249.6 अंक हासिल किए थे। हालांकि, मोना विश्व रिकार्ड से चूक गईं। यह रिकार्ड स्लोवाकिया की इरीना श्चेतनिक के नाम 252 अंकों के साथ दर्ज है। इस पदक के साथ अवनि ने 2028 में होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए कोटा स्थान भी हासिल कर लिया। मोना पिछले महीने ही विश्व चैंपियनशिप के दौरान पैरालंपिक कोटा हासिल कर चुकी थीं।

क्वालीफिकेशन में भी भारतीय निशानेबाजों का दबदबा

इससे पहले क्वालीफिकेशन राउंड में भी मोना और अवनि ने शानदार प्रदर्शन किया था। मोना ने छह सीरीज के बाद 629.1 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया और एशियाई पैरा खेलों का नया क्वालीफिकेशन रिकार्ड बनाया। उन्होंने चीन की झांग कुइपिंग के पिछले रिकार्ड को पीछे छोड़ा। मोना विश्व रिकार्ड से महज 0.3 अंक दूर रह गई थीं। 629.4 अंकों का विश्व रिकार्ड अवनि और स्लोवाकिया की वेरोनिका वादोविचोवा के नाम संयुक्त रूप से दर्ज है।

अवनि ने क्वालीफिकेशन में 626.4 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस तरह भारत की दोनों निशानेबाजों ने फाइनल में पहले और दूसरे स्थान से प्रवेश किया और पदक मुकाबले में भी अपना दबदबा कायम रखा।

पेरिस पैरालंपिक में भी पदक जीत चुकी हैं मोना और अवनि

मोना ने पिछले महीने दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आयोजित विश्व निशानेबाजी पैरा खेल चैंपियनशिप में महिलाओं की आर-2 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच-1 स्पर्धा में 250 अंक हासिल कर रजत पदक जीता था। इसी प्रतियोगिता में अवनि ने 229.4 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया था। सर्बिया की क्रिस्टिना ट्रिफुनोविच ने 250.2 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता था। मोना ने पेरिस पैरालंपिक-2024 में कांस्य पदक जीता था। वहीं, अवनि पैरालंपिक में तीन पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने तोक्यो पैरालंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन एसएच-1 में कांस्य और 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद पेरिस पैरालंपिक में भी उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

एशियाई पैरा खेलः स्वाति चौधरी ने तीरंदाजी में बनाया नया रिकॉर्ड



आइची-नागोया। भारत की पैरा तीरंदाज स्वाति चौधरी ने सोमवार को एशियाई पैरा खेल-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला तीरंदाजी की रैंकिंग स्पर्धा में नया एशियाई पैरा खेल रिकॉर्ड बनाया। अपने पहले एशियाई पैरा खेलों में हिस्सा ले रहीं स्वाति ने 648 अंक हासिल किए और चीन की मिनयी चेन के 2023 हांगझोऊ खेलों में बनाए 627 अंकों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्वाति ने पहले हाफ में 332 और दूसरे हाफ में 316 अंक हासिल किए। उन्होंने नौ बार एक्स और 14 बार 10 अंक का निशाना लगाया। उनके इस प्रदर्शन से भारतीय तीरंदाजी दल को प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत मिली। शीतल देवी ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की भारत की शीतल देवी ने महिला कंपाउंड तीरंदाजी की रैंकिंग स्पर्धा में 720 में से 704 अंक हासिल कर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। यह मुकाबला ओकाजाकी चुओ सोगो पार्क के बहुउद्देशीय मैदान में आयोजित हुआ। शीतल ने तुर्किये की ओजनुर क्योर के साथ संयुक्त रूप से विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। शीतल ने इसी साल बैंकॉक में बनाए अपने 698 अंकों के एशियाई रिकॉर्ड को छह अंकों से बेहतर किया। उन्होंने क्वालीफिकेशन राउंड के दोनों हाफ में 352-352 अंक हासिल किए। इस दौरान उन्होंने 32 बार एक्स और 25 बार 10 अंक का निशाना लगाया। वह रैंकिंग राउंड में पहले स्थान पर रहीं और 2023 हांगझोऊ एशियाई खेलों में बनाए अपने 680 अंकों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। भारत की एक अन्य तीरंदाज पायल नाग ने 675 अंक हासिल कर क्वालीफिकेशन में संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने पहले हाफ में 334 और दूसरे हाफ में 341 अंक बनाए। उनके निशाने में 12 एक्स और 20 बार 10 अंक शामिल रहे। महिला युगल में शीतल और पायल शीर्ष पर शीतल देवी और पायल नाग ने महिला कंपाउंड युगल रैंकिंग राउंड में कुल 1,379 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। इसमें शीतल के 704 और पायल के 675 अंक शामिल रहे। पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी की रैंकिंग स्पर्धा में भारत के हरविंदर सिंह 631 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। उन्होंने पहले हाफ में 310 और दूसरे हाफ में 321 अंक हासिल किए। उनके निशाने में आठ एक्स और 13 बार 10 अंक शामिल रहे।

बदलते बल्लेबाजी क्रम में खेलना एक बड़ी चुनौती : तिलक वर्मा



नई दिल्ली

भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान तिलक वर्मा ने यह स्वीकार किया है कि बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर से पांचवें या छठे नंबर पर उतरना उनके लिए आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को स्वीकार किया है और भरोसा जताया है कि वह अपने कौशल में निखार लाकर और मानसिक तैयारी के दम पर इस नई भूमिका की चुनौतियों पर खरे उतरेंगे। तिलक पिछले कुछ समय से टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं, और उनके मुताबिक इस भूमिका में सफल होने के लिए अपने खेल पर लगातार काम करना जरूरी है। वेस्टइंडीज सीरीज समाप्त होने के बाद उन्होंने कहा कि तीसरे नंबर पर खेलना उनके लिए एक बल्लेबाज के तौर पर आसान होता, लेकिन फिलहाल टीम के शीर्ष क्रम के संयोजन को देखते हुए उन्हें पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी होगी।

तिलक ने बताया कि ईशान किशन अब तीसरे नंबर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, और कप्तान श्रेयस अय्यर चौथे नंबर पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन सलामी जोड़ी के रूप में बरकरार हैं। ऐसे में उनके पास निचले क्रम में बल्लेबाजी करके टीम के लिए अपनी भूमिका निभाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि वह मानसिक रूप से इस भूमिका के लिए तैयार हैं और पिछले कुछ मैचों में इसी क्रम पर खेलते हुए टीम को जीत दिलाने में सफल रहे हैं। हैदराबाद के इस युवा बल्लेबाज ने यह भी बताया कि वह निचले क्रम में बल्लेबाजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार अभ्यास कर रहे हैं, और उनका जोर अपने शाट्स के दायरे और कौशल को बेहतर बनाने पर है। उन्होंने कहा कि फिनिशर की भूमिका में आपको धीमी गति से आती गेंदों को भी छक्के के लिए भेजने में सक्षम होना चाहिए, और वह मैदान के चारों ओर शाट खेलने की क्षमता रखते हैं। तिलक ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद मानसिक रूप से मजबूत रहने और हर चुनौती के लिए खुद को तैयार करने की बात कही। उन्होंने वेस्टइंडीज सीरीज से मिली सकारात्मक बातों का भी उल्लेख किया, जिसमें बल्लेबाजों का 200+ रन बनाना और नीतीश रेड्डी, शिवम दुबे और नमन धीर जैसे आलराउंडरों का अच्छा प्रदर्शन शामिल है।

शे होप का भारत दौरा करियर के लिए बना मील का पत्थर



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के कप्तान शे होप के लिए भारत का हालिया दौरा किसी सुनहरे सपने से कम नहीं रहा है, और क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि यह उनके करियर का एक बड़ा टर्निंग पाइंट साबित हो सकता है। भारत दौरे पर खेले गए कुल आठ मैचों में, जिसमें वनडे और टी20 सीरीज शामिल हैं, उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए कुल 539 रन बनाए। इस दौरान होप ने चार शतक जड़े, जिनमें से दो वनडे में और दो टी20 सीरीज में आए। वनडे सीरीज में उन्हें एक बार प्लेयर आफ द मैच चुना गया, जबकि टी20 सीरीज में उन्हें दो बार इस पुरस्कार से नवाजा गया। भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई, लेकिन होप को प्लेयर आफ द सीरीज के खिताब से सम्मानित किया गया क्योंकि उन्होंने सीरीज में सर्वाधिक 261 रन बनाए थे। दिलचस्प बात यह है कि इस भारत दौरे से पहले, शे होप को अपने पूरे टी20 करियर में केवल दो बार ही प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार मिला था, और पिछले नौ सालों में वे सिर्फ एक बार प्लेयर आफ द सीरीज बने थे। लेकिन भारत के खिलाफ इस सीरीज में उन्होंने यह कारनामा मात्र पांच मैचों में ही कर दिखाया, जो उनके शानदार फार्म को दर्शाता है। दूसरे और चौथे टी20 में उन्होंने 102 रनों की नाबाद पारियां खेलकर वेस्टइंडीज की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

मोहम्मद शमी के टीम से बाहर होने पर मोहम्मद कैफ ने उठाए सवाल, बीसीसीआई पर पारदर्शिता की कमी का आरोप

नई दिल्ली

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित वनडे और टेस्ट टीम में एक बार फिर नजरअंदाज कर दिया गया है। उनके लगातार टीम से बाहर रहने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कैफ ने पारदर्शिता की कमी पर जोर देते हुए पूछा कि जिस तरह जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को मैनेज किया जाता है, वैसा सलूक शमी के साथ क्यों नहीं किया जाता।



36 वर्षीय मोहम्मद शमी ने मार्च 2025 के बाद से कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए आकाश दीप और अंशुल कंबोज जैसे नए चेहरों की वापसी के बावजूद उन्हें मौका नहीं मिला। एक चर्चा के दौरान, कैफ ने इस मुद्दे पर अपनी बेबाक राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टीम चयन के बाद बीसीसीआई या चयनकर्ताओं की ओर से कोई आधिकारिक बयान या स्पष्टीकरण नहीं आता, जिससे पारदर्शिता का अभाव साफ झलकता है।

कैफ ने मोहम्मद शमी के महत्व को रेखांकित करते हुए 2023 विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन का हवाला दिया। उन्होंने कहा, अगर शमी नहीं होते तो भारत विश्व कप के फाइनल में नहीं पहुंचता। हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद, शमी ने पांचवें गेंदबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन किया और पूरे टूर्नामेंट में छठे गेंदबाज की कमी महसूस नहीं होने दी। शमी ने उस विश्व कप में 24 विकेट लिए थे, जिससे रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया का संतुलन बना रहा था। पूर्व बल्लेबाज ने उन अटकलों को भी खारिज किया जिनमें कहा जाता है कि शमी को छोटे स्पेल डालने के कारण नहीं चुना जाता। उन्होंने तर्क दिया, टेस्ट मैचों में जसप्रीत बुमराह भी चार ओवर के स्पेल डालते हैं और उन्हें ब्रेक मिलता है। पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट की बात हुई थी, जहां कप्तान शुभमन गिल ने उन्हें चार-चार ओवर के स्पेल दिए थे। अगर एक गेंदबाज के साथ ऐसा सलूक हो सकता है, तो मोहम्मद शमी के साथ क्यों नहीं कैफ ने जोर देकर कहा कि छोटे स्पेल डालना कोई बुराई नहीं है और इस पर भी काम किया जा सकता है।

कैफ ने अपनी बात समाप्त करते हुए फिर से पारदर्शिता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शमी रणजी ट्राफी और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लगातार खेल रहे हैं और विकेट ले रहे हैं, ऐसे में उन्हें टीम में न चुनने का कोई ठोस कारण बीसीसीआई को सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए। उनके मुताबिक, चयन प्रक्रिया में स्पष्टता की कमी कहीं न कहीं खिलाड़ियों के मनोबल को प्रभावित कर सकती है।

सीरी ए : लाजियो ने युवेंटस को 3-0 से रौंदा, एसी मिलान और कोमो की भी जीत

मिलान

लाजियो ने इटली की फुटबाल लीग सीरी ए में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान युवेंटस को 3-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ लाजियो अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान के बराबर पहुंच गया। गोल अंतर के आधार पर लाजियो दूसरे स्थान पर है। वहीं, एसी मिलान ने अटलांटा को 3-2 से हराया, जबकि कोमो ने फियोरेंटीना को 3-1 से शिकस्त देकर पांचवां स्थान हासिल किया।

लाजियो के सात लीग मुकाबलों के बाद 19 अंक हो गए हैं। यह क्लब का लीग सत्र के शुरुआती सात मैचों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले 1999-2000 सत्र की शुरुआत में टीम ने 17 अंक हासिल किए थे। उस सत्र में लाजियो ने अपना दूसरा और अब तक का आखिरी सीरी ए खिताब जीता था। लाजियो के कोच जेनारो गातुसो ने कहा, हम इस लीग में अप्रत्याशित रूप से अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम



साबित हो सकते हैं, लेकिन हमें अपना तरीका नहीं बदलना चाहिए। हमें हर मुकाबले को अलग-अलग देखते हुए कड़ी मेहनत जारी रखनी होगी।

लाजियो की दमदार जीत, युवेंटस की मुश्किलें बढ़ीं

लाजियो ने डेनमार्क के खिलाड़ियों के दो गोल की मदद से मुकाबले पर नियंत्रण बनाया। ओलिवर प्रोव्स्टगार्ड ने 37वें मिनट में शानदार हेडर से गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 66वें मिनट में गुस्ताव इसाकसेन ने गेंद को अंदर की ओर ले जाते हुए सटीक शाट लगाया और बढ़त दोगुनी कर दी। मैच समाप्त होने से तीन मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी फिसायो डेले-बशिरू ने अपने ही हाफ से गेंद लेकर युवेंटस के पेनल्टी क्षेत्र तक दौड़ लगाई और शानदार गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। युवेंटस के प्रशंसकों ने टीम के प्रदर्शन पर नाराजगी जताई। टीम अपने पिछले पांच लीग मुकाबलों में केवल एक जीत दर्ज कर सकी है और आठवें स्थान पर है। शीर्ष टीमों से उसका अंतर बढ़कर आठ अंक हो गया है। युवेंटस के कोच लुसियानो स्पालेटी ने कहा, हम स्पष्ट रूप से विपक्षी टीम से पिछड़ गए। हमारे खेल में गति और विचारों की कमी थी। इसे समझना मुश्किल है।

एसी मिलान की रोमांचक जीत

एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर अटलांटा को 3-2 से हराकर अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। टीम ने पहले हाफ में दो गोल की बढ़त बनाई। गोंसालो रामोस ने 24वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया, जबकि एड्रियन राबियो ने हाफ टाइम से पहले दूसरा गोल दागा। दूसरे हाफ में 57वें मिनट में मारियो गिला ने गोल करके मिलान की बढ़त 3-0 कर दी। हालांकि, अटलांटा ने वापसी की कोशिश करते हुए जियानलुका गाएटानो और निकोला क्र्स्टोविच के गोल से अंतर घटाया, लेकिन मिलान ने अपनी बढ़त बरकरार रखी।